समाज कार्य स्नातक
(बीएफएसडब्ल्यू)

सत्रीय कार्य : 2026–2027

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः
जनवरी, 2026 सत्र–सितम्बर 30,2026
जुलाई, 2026 सत्र–मार्च 31,2027

समाज कार्य स्नातक
(बीएसडब्ल्यूजी)

सत्रीय कार्य : 2025–2026

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः
जुलाई, 2025 सत्र–मार्च 31,2026
जनवरी, 2026 सत्र–सितम्बर 30,2026

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समाज कार्य कार्यक्रम में आपका स्वागत है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के कार्यक्रम अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30%भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए**। सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

(प्रो.सायन्तनी गुइन)
कार्यक्रम संयोजक
(बीएफएसडब्ल्यू/बीएसडब्ल्यूजी)
email:bswinfo@ignou.ac.in
Ph: 011–29571698

सामुदायिक संगठन और संचार

सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–123
कुल अंक – 100

नोट :

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **पाँच** के उत्तर **500** शब्दों में दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. सामुदायिक संगठन को परिभाषित कीजिए। सामुदायिक संगठन के मूल्यों और सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए। 20

2. जैक रोथमैन के सामुदायिक संगठन के तीन बुनियादी मॉडलों पर उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए।20

3. उदाहरण देते हुए सामुदायिक संगठन और सामुदायिक विकास के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। सामुदायिक विकास के लिए सामुदायिक संगठन की प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए। 20

4. उदाहरण देते हुए गुटबाजी और अधिकारियों से निपटने के तरीकों और साधनों का पता लगाइए ताकि हाशिए पर पड़े समूहों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। 20

5. सामुदायिक संगठन के चरणों का विस्तार से वर्णन कीजिए। 20

6. संचार प्रक्रिया और संचार के मॉडलों पर चर्चा कीजिए। 20

7. सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए आवश्यक वकालत के उपकरणों, सिद्धांतों और कौशलों की व्याख्या कीजिए। 20

8. परिवारों के सामने आने वाली समस्याओं की बहुलता पर प्रकाश डालिए। 20